PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: BomBay (1995)
Year: 1995

Song: Tu Hi Re Tu Hi Re
Lyricist: Mehboob Kotwal

तू ही रे तू ही रे
तेरे बिना
मैं कैसे जीऊँ
आ जा रे
आ जा रे
यूँ ही तड़पा ना
तू मुझको

जान रे जान रे
इन साँसों में बस जा तू
चाँद रे चाँद रे
आजा दिल की ज़मीन पे तू

चाहत है अगर
आके मुझसे मिल जा तू
या फिर ऐसा कर
धरती से मिला दे मुझको

तू ही रे तू ही रे
तेरे बिना
मैं कैसे जीऊँ
आ जा रे
आ जा रे
यूँ ही तड़पा ना
तू मुझको

इन साँसों का
देखो तुम पागलपन के
आए नहीं इन्हें चैन

मुझसे ये बोली
मैं राहों में तेरी
अपने बिछा दूँ ये नैन

इन ऊँचे पहाड़ों से
जाँ दे दूँगा मैं
गर तुम ना आई कहीं
तुम उधर जानम
उम्मीद मेरी जो तोड़ो
इधर ये जहाँ छोड़ूँ मैं
मौत और ज़िन्दगी
तेरे हाथों में दे दिया रे

आई रे आई रे
ले मैं आई हूँ तेरे लिए
तोड़ा रे तोड़ा रे
हर बँधन को
प्यार के लिए

जान रे जान रे
आज तुझमें
समा जाऊँ मैं
दिल रे दिल रे
तेरी साँसों में बस जाऊँ मैं

चाहत है अगर
आके मुझसे मिल जा तू
या फिर ऐसा कर
धरती से मिला दे मुझको

तू ही रे तू ही रे
तेरे बिना
मैं कैसे जीऊँ
आ जा रे
आ जा रे
यूँ ही तड़पा ना
तू मुझको

सौ बार बुलाए
मैं सौ बार आऊँ
इक बार जो
दिल दिया
इक आँख रोई तो
दूजी बोलो
सोएगी कैसे भला
इन प्यार की राहों में
पत्थर हैं कितने
उन सबको ही पार किया
इक नदी हूँ मैं
चाहत भरी आज मिलने
सागर को आई यहाँ
सजना सजना
आज आँसू भी मीठे लगे
तू ही रे तू ही रे

तेरे बिना
मैं कैसे जीऊँ
आ जा रे
आ जा रे
यूँ ही तड़पा ना
तू मुझको

जान रे जान रे
इन साँसों में बस जा तू
चाँद रे चाँद रे
आजा दिल की ज़मीन पे तू

पल पल पल पल
वक़्त तो बीता जाए रे
ज़रा बोल ज़रा बोल
वक़्त से के
वो थम जाए रे

आई रे आई रे
ले मैं आई हूँ तेरे लिए
जान रे जान रे
आज तुझमें
समा जाऊँ मैं

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.